हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 29 जनवरी 2024

11 राम राज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए ...



12 गीता सभी धर्मों का सार, गीता अपने कर्तव्य एवं पद ...



## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री 29 को बवानीखेड़ा विस क्षेत्र में

**भिवानी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 29 जनवरी को बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के पांच गांवों का दौरा करेंगे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे। दौरा कार्यक्रम अनुसार उप मुख्यमंत्री 29 जनवरी को मढाना में 11:30 बजे , सुई में 12:30 बजे, नाथुवास में दो बजे, खरक में तीन बजे और गांव सैय में शाम 4 बजे दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे।

### सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा कल

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा बाबा सोमवारपुरी धाम नजदीक हांसी चुंगी,हैफेड गोदाम के पास सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी को करवाया जाएगा। प्रतियोगिता महंत कैलाशगिरी के आशीर्वाद से करवाई जाएगी। समाजसेवी कोच देवेंद्र, विनित तवंर ने बताया कि सभी के सहयोग से इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।



**भिवानी।** बुजुर्ग यात्री के बेटे को पैसे लौटाते रोडवेज परिचालक खुशीराम व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### रोडवेज कंडक्टर ने बुजुर्ग के 5100 रुपये लौटाए

**तोशाम।** हरियाणा रोडवेज सब डिपो तोशाम के परिचालक खुशीराम ने बुजुर्ग यात्री के गुम हुए 5100 रुपये लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। वहीं बुजुर्ग ने गुम हुए पैसे पाकर खुशी जताई तथा परिचालक का आभार जताया। चिकित्सा जांच के लिए तोशाम से हांसी यात्रा के दौरान गांव पपोसा निवासी बुजुर्ग के बस में पैसे गिर गए, जो तोशाम के परिचालक खुशीराम को मिले, जिस पर परिचालक खुशीराम ने ईमानदारी दिखाते हुए तोशाम डिपो पर कार्यरत बस स्टैंड इंचार्ज रत्न सिंह को बताया और उन्होंने बुजुर्ग के परिजनों को बस स्टैंड पर बुलाकर पैसे सौंप दिए।

डॉ. नकुल व डॉ. नंदिनी ने शादी से पहले शुरू की एक नई पहल

## बुजुर्गों और महिलाओं को भोजन करवा शादी रस्मों की शुरूआत की

- हर व्यक्ति को इस प्रकार के कार्यों में आगे आना चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

देश दुनिया में जहां शादी से पहले प्रि.वैडिंग शूट का फैशन बढ़ता जा रहा है वहीं भिवानी के प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर विश्वनाथ उपाध्याय के पौत्र और डॉक्टर राजेश शर्मा के पुत्र डॉक्टर नकुल शर्मा ने अपनी होने वाली जीवनसंगिनी डॉक्टर नंदिनी के साथ मिलकर एक नई पहल की है। उन्होंने शादी की रस्मों की शुरुआत श्री कृष्ण प्रणाली मंदिर स्थित अपना घर के बेसहारा वृद्धों और महिलाओं को भोजन करवा कर की। डॉक्टर नंदिनी शहर के सामान्य अस्पताल में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर देवेन्द्र शर्मा और शिक्षिका सुनीता की बेटी है। शादी के बंधन में बंधने जा रहे डॉक्टर नकुल और डॉक्टर नंदिनी ने परिवार में बात करके इस बात पर राजी कर लिया कि ऐसा कुछ करना चाहते हैं कि जिससे समाज में एक मैसेज जाए। वैसे भी प्रि.वैडिंग हमारे सनातनी शादी की रस्मों में मेल नहीं खाता और यही बातें आज के युवाओं को समझने की जरूरत है। डॉक्टर नकुल शर्मा व डॉक्टर नंदिनी की इस पहल में उनके परिजनों ने अपना पूर्ण सहयोग दिया और कहा कि यह सराहनीय कदम है। हर व्यक्ति को इस प्रकार के कार्यों में आगे आना चाहिए।



**भिवानी।** श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में बेसहारा लोगों को भोजन करवाते हुए।

## भारत व इंग्लैंड दिव्यांग क्रिकेट सीरीज भारत ने 49 रन से जीता पहला मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- दिव्यांग खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए भिवानी से पहुंचे खेलप्रेमी

भारत और इंग्लैंड के बीच में टी 20 मुकाबला रविवार से गुजरात के अहमदाबाद मोदी स्टेडियम में शुरू हुआ,जिसमें भिवानी जिले से काफी खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए शिरकत की। वहीं भिवानी से पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष से सुरेंद्र लोहिया भी भारत व इंग्लैंड के दिव्यांग खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ाने को भिवानी से अहमदाबाद पहुंचे और जिन्होंने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत कर प्रोत्साहित किया। गौरतलब है कि भारत और इंग्लैंड के बीच में 28 जनवरी से 6 फरवरी तक दिव्यांग क्रिकेट टी 20 मुकाबला शुरू किया, जिसका रविवार पहला मुकाबला अहमदाबाद में खेला गया।

मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड की टीम को मात देते हुए 49 रन से जीत हासिल की है। अध्यक्ष लोहिया ने बताया कि डीसीसीआई के बैनर के नीचे बीसीसीआई के सहयोग से दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए टी 20 मुकाबले 6 फरवरी तक होंगे, जिसका पहले दिन बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 146 रन बनाए हैं, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने खेलते हुए अंगस ग्रांट ब्राउन खिलाड़ी की मदद से 18 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 97 रन बनाए। भारत ने ये मुकाबला 49 रनों से जीत लिया।



## मांगों को लेकर ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने मंत्री व विधायक को सौंपा ज्ञापन

### जलकर्मियों को नियमित करने तथा 18 हजार रुपये वेतन देने की मांग

मंत्री आवास व विधायक को ज्ञापन सौंपने के साथ-साथ विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ बैठक भी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर्स ऑर्गेनाइजेशन के सदस्यों ने लंबित मांगों को लेकर कृषिमंत्री जेपी दलाल के आवास पर ज्ञापन सौंपा। इससे पहले उक्त सदस्यों ने विधायक घनश्याम सर्राफ को भी ज्ञापन सौंपा।

इस पर विधायक घनश्याम सर्राफ ने उनकी मांग सीएम मनोहर लाल तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व सभी सदस्यों ने पार्क में बैठक की और आगे की रणनीति तय की। मंत्री आवास व विधायक को सौंपे ज्ञापन में बताया कि विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ बैठक हुई थी,जिसमें अनेक मांगों पर चर्चा भी हुई थी,लेकिन आज तक उनकी अनुपालन नहीं की गई है। जिससे उनमें रोष पनप रहा है। इनके अलावा उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से सभी जलकर्मियों को नियमित करने तथा जब तक नियमित नहीं किया जाता। तब तक उनको 18 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से मासिक वेतन दिलाया जाने, समय.समय पर न्यूनत्तम वेतन में जो वृद्धि हुई है उसका बकाया भी जारी करवाया जाए।

इसी तरह सभी जलकर्मियों को रेनकोट, वर्दी भत्ता, धुलाई भत्ता, सेफ्टी किट,सभी कर्मचारियों को हर महीने की सात तारीख को वेतन का भुगतान करने,कर्मचारियों की सेवानिवृति पर ग्रेज्यूटी अधिनियम 1972 के प्रावधानों के अनुसार ग्रेज्यूटी भुगतान करने, जिल पंचायतों को नगरपालिका, नगरपरिषद अथवा नगर निगम में शामिल किया गया है। उन पंचायतों के जलकर्मियों को उपरोक्त निकायों में समायोजित करने तथा इस प्रक्रिया के दौरान जो वेतन बकाया है उसका भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

इनके अलावा जलकर्मियों के सेवा संबंधित मामलों में सरपंच द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेप को खत्म करने व हटाए गए जलकर्मियों को वापस काम पर लेने,श्रम विभाग द्वारा मिनिमम वेज में जो बढोत्तरी की गई है वह बढ़ोतरी अप्रैल 2020 से जो उनका ऐरियर बनता है उसको जारी करने,अप्रैल 2020 से जो कर्मचारी रह गए है उनको एचकेआरएन या आरईएमएस पंचायत विभाग के पोर्टल पर चढाया जाने की मांग की। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि उनकी मांग पूरी न होने से उनको आर्थिक व मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

#### इन्होंने किया संबोधित

इस मौके पर मुनेश बेनीवाल,जगदीश के अलावा अनेक कर्मचारी वक्ताओं ने एकत्रित कर्मचारियों को संबोधित किया।



भिवानी। मांगों को लेकर विधायक घनश्याम सर्राफ को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सीमेंट प्लांट के सामने ट्रक ने युवक को कुचला

- युवक की मौत के विरोध में ग्रामीणों ने किया रोड जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

गांव चिड़िया के समीप सीमेंट प्लांट के सामने बीती देर रात ट्रक ने साइकिल सवार युवक को कुचल दिया और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्लांट की तरफ से मदद नहीं मिलने से गुस्साए ग्रामीणों ने रोड जामकर विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर बाद डीएसपी व सीमेंट प्लांट हेड ने ग्रामीणों को आश्वासन देकर जाम खुलवाया। गांव चिड़िया निवासी सुखबीर (32) ने दो दिन पहले ही सीमेंट प्लांट के सामने चाय की रेहड़ी लगानी शुरू की थी, बीती रात जब वह साइकिल से घर के लिए निकला तो कुछ दूरी पर अज्ञात ट्रक ने उसे टक्कर मारी, जिससे सुखबीर सड़क पर गिर गया और ट्रक उसे कुचलते हुए निकल गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने सीमेंट प्लांट से एंबुलेंस की मदद मांगी, लेकिन उन्हें मदद नहीं मिली। कुछ देर बाद ही घायल सुखबीर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। रविवार सुबह सैंकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा प्लांट पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रोड जाम कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्लांट अधिकारियों की लापरवाही के कारण हादसा हुआ है। रात को प्लांट के सामने अव्यवस्थित तरीके से बड़े वाहन खड़े रहते हैं। प्लांट में एंबुलेंस होने के बावजूद भी घायल को अस्पताल तक एंबुलेंस उपलब्ध नहीं करवाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि सुखबीर गरीब परिवार से ताल्लुक रखता था। वह रेहड़ी पर चाय बनाकर परिवार का पेट भरता था, उसकी मृत्यु के बाद परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है। परिवार में उसकी पत्नी व दो नाबालिग बच्चे हैं। ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि उसका बेटे के बालिग होने के बाद योग्यता के आधार पर प्लांट में नौकरी दी जानी चाहिए व आर्थिक सहायता मिले। डीएसपी देशराज व सीमेंट प्लांट हेड ग्रामीणों के बीच पहुंचे व बातचीत की। सीमेंट प्लांट हेड ने आश्वासन दिया कि मृतक के बेटे के बालिग होने के बाद योग्यता के आधार पर प्लांट में नौकरी दी जाएगी।



**भिवानी।** सीमेंट प्लांट के सामने धरना देते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## हड्डी जांच शिविर में 52 लोगों ने उठाया लाभ

**भिवानी।** नर सेवा-नारायण सेवा तथा जरूरतमंदों की सेवाभाव के उद्देश्य के साथ कृष्णा कॉलोनी स्थित डॉ. विद्या सागर चैरिटेबल अस्पताल में हर माह के आखिरी रविवार को लगने वाले हड्डी जांच शिविर में 52 मरीजों की जांच की गई। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी सुनील वधवा, प्रेम धमीजा व डॉ. गौरव धमीजा ने रिबन काटकर किया। शिविर में मशीन द्वारा हड्डियों की संपूर्ण जांच व फिब्रो स्कैन विधि द्वारा की गई।

शिविर में कल्याणी अस्पताल गुरूग्राम से डॉ. विक्रांत खन्ना ने अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर जामपुर सेवा समिति के प्रधान गोपाल कृष्ण पोपली ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे उत्तम धन है, यदि हमारा स्वास्थ्य अच्छा है तो जीवन का आनंद ले सकते है तथा समाज में रचनात्मक कार्य कर सकते है, इसीलिए लोगों को अपने स्वास्थ्य की तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए तथा समय-समय पर जांच करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 35 वर्ष की आयु के बाद हड्डियों की नियमित जांच करवानी चाहिए।



## लाला लाजपत राय ने देशभक्ति में आदर्श स्थापित किए : रीतिक

**भिवानी।** इतिहास में 28 जनवरी का दिन बेहद महत्वपूर्ण है। इस दिन महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय का जन्म हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख अगुवाओं में से लाला लाजपत राय जयंती 28 को मनाई जाती है। लाला लाजपत राय का जन्म 28 जनवरी 1865 को पंजाब के मोंगा जिले में हुआ था। इन्हें पंजाब केसरी यानी पंजाब का शेर कहा जाता था। राय जीवनभर ब्रिटिश सरकार के खिलाफ भारतीय राष्ट्रवाद को मजबूती से खड़ा करने की कोशिश में जुटे रहे।



**स्वदेशी बैंक की नींव रखी :** पंजाब में लाला लाजपत राय ने पंजाब नेशनल बैंक के नाम से पहले स्वदेशी बैंक की नींव रखी थी। उक्त शब्द महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपतराय की जयंती पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहे। उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय देश के उन अमर स्वतंत्रता सेनानियों में से थे जो देश की आजादी के लिए जीवन भर लड़ते रहे।

## कस्बा विकास में पिछड़ा, टांग खिंचाई से कोई काम नहीं होता: महता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

- छोटी सरकार विचारों की भिन्नता के चलते लोगों की भावनाओं पर खरा नहीं उतर सकी

कस्बा की विकास दर घटती जा रही है। एक तरफ तोशाम, सिवानी, नारनौद सहित अन्य हलके विकास के चलते अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं वहीं बवानी खेड़ा अपनी बदहाली के आंसू बहाने का काम कर रहा है। ये बात भिवानी बार एसोसिएशन के बार एसोसिएशन वाइस प्रेजिडेंट रहे समाजसेवी एडवोकेट संजय महता ने कहे।

#### अटके कार्य

उन्होंने बताया कि कितनी योजनाएं बीत गई कस्बा की छोटी सरकार विचारों की भिन्नता होने के चलते लोगों की भावनाओं पर खरा नहीं उतर सकी। यदि किसी की मंशा विकास कार्य करवाने की हुई तो उसकी टांग खिंचाई की गई जिसके चलते कार्य अटक गए। टांग खिंचाई से कोई काम नहीं होता मिलजुलकर कार्य करने होते हैं। कस्बा में खेल स्टेडियम, पार्क, महिला आईटीआई, बॉय कॉलेज, उद्योग, सीवरेज प्रणाली, शुद्ध पानी व्यवस्था, किसानों के लिए पानी, बिजली, गलियों, नालियों, चौपालों सहित अन्य विकास कार्यों की जरूरत है। उन्होंने बताया कि वे दादूनगरी में जन्में है और लोगों की भावनाओं को समझते हैं। यहां के लोग शांतचित स्वभाव के धनी है और विकास चाहते हैं। वहीं उन्होंने अपना इशारा अपने वाले नपा चुनावों की और करते हुए विजय हासिल करके विकास की गंगा बहाने का किया।

## 'मेरा गांव नशामुक्त गांव' अभियान 29 से 5 तक

**भिवानी।** ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र कादमा द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मेरा गांव नशा मुक्त गांव अभियान 29 जनवरी से 5 फरवरी 2024 तक चलाया जाएगा। क्षेत्रीय प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने बताया कि नशामुक्त भारत रथयात्रा माउंट आबू से चलकर कल कादमा सेवा केंद्र में पहुंचेगी। आठ दिवसीय अभियान का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक नीतिका गहलोत 29 जनवरी प्रातः 11 बजे करेंगी। बतौर विशिष्ट अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ. आशीष मान तथा नप चेयरमैन बख्शीराम सैनी रहेंगे। ब्रह्माकुमारी वसुधा ने बताया कि नशा मुक्त भारत रथ में कुंभकरण का मॉडल आकर्षण का केंद्र रहेगा, साथ-साथ में एलइडी के माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान एवं उनका आध्यात्मिक समाधान बताया जाएगा। अभियान के अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों, स्कूलों तथा गांव की गली मोहल्लों में बड़े बूढ़ों व युवाओं को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न गांव के सरपंच तथा प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## लड़की ने निर्वस्त्र होकर कॉल कर वीडियो की रिकॉर्ड, बाद में दी धमकी

- वीडियो भेज पुलिस गिरफ्तारी का डर दिखा जेवली के व्यक्ति को 2 .46 लाख रुपये एंठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा उपमंडल के गांव जेवली निवासी व्यक्ति के साथ निवस्त्र लड़की द्वारा वीडियो कर उसका वीडियो रिकॉर्ड कर 2.46 लाख रुपये की चपत लगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित के बेटे की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जेवली निवासी रमन ने पुलिस को बताया कि उसके पिता राजकुमार के पास 22 जनवरी को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आई। कॉल पर निवस्त्र लड़की बात कर रही थी। उसके बाद 23 जनवरी को उसके पिता के मोबाइल पर वीडियो कॉल के दौरान रिकॉर्ड किया गया वीडियो भेजा और खुद को पुलिस ऑफिसर बताकर गिरफ्तारी की धमकी दी। उसने कहा कि हमें आपके खिलाफ शिकायत मिली है और यदि गिरफ्तारी से बचना चाहते हो तो रुपये देने होंगे। उसके पिता ने धमकी के डर से बताए गए मोबाइल पर गूगल पे के माध्यम से सात बार में 2 लाख 46 हजार 300 रुपये भेज दिए। राजकुमार के बेटे रमन ने पिता द्वारा फ्रॉड किए जाने पर चरखी दादरी साइबर थाना पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई करने व रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

### परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने प्रवचनों से किया निहाल

## स्वयं में सुधार ले आओ समाज स्वत: ही सुधर जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आज के युग में पाप कर्मों में बढ़ोतरी हो रही है ऐसे में युवाओं के पथ भृष्ट होने का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। माया के जाल से केवल सन्तो का सत्संग ही बचा सकता है क्योंकि सत्संग आपको अहसास कराता है कि क्या बुरा है और क्या भला। सत्संग का लाभ भी तभी है जब सत्संग देखने सुनने के लिए बल्कि सत्संग करने के लिए आओगे। सत्संग का यही संदेश है कि आप स्वंय में सुधार ले आओ समाज स्वतः ही सुधर जाएगा। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने फतेहाबाद के सिरसा रोड़ पर स्थित राधास्वामी आश्रम में साध संगत के समक्ष फरमाएं। हुजूर कंवर साहेब ने फरमाया कि प्रयास कभी मत छोड़ो क्योंकि हाथों पर सरसों हरी नहीं होती।

बार बार अभ्यास ही आपको साधक बनाएगा। आज के युग मे साधना और भी ज्यादा जटिल है क्योंकि ना तो अब गुरु पूर्ण हैं और ना ही शिष्य। हुजूर ने कहा कि हमें निराश भी नहीं होना है क्योंकि आज हम जिन की भक्ति के गीत गाते हैं अगर वो अपने कार्यों से अमर हो सकते हैं तो हम क्यों नहीं। जितने भी महापुरुषों के आज हम गीत गाते हैं उन सब की यही शिक्षा है कि बुराई तो आप स्वंय ही सीख जाओगे, लेकिन अच्छाई के लिए आपको अभ्यास करना पड़ेगा। हुजूर महाराज ने हैरानी जताते हुए कहा कि जाते तो हो सन्तो के पास लेकिन सुधार की तरफ एक कदम भी नहीं चले तो क्या लाभ है।



**परमात्मा माध्यम से ही सहायता करता:** गुरु महाराज ने कहा कि जैसे धोबी के पास साफ नहीं गन्दा कपड़ा ही जाता है वैसे ही सन्तों के पास भी वहीं जीव आते हैं जो अपने कर्मों को धुलवाना चाहते हैं। सन्तो की शरणाई में कोई भी जीव काल की भेंट नहीं चढ़ता,उनको यानि हमेशा इंसान की ही मिलेगी ताकि वो इस बार नहीं तो अगली बार अपना कल्याण करवा लें। उन्होंने कहा कि सन्त चाहे किसी भी परिस्थितियों में हुए हो किसी भी देश में हुए हों उनका लक्ष्य एक ही है कि नियमबद्ध बना कर मनुष्य का जगत और अगत दोनों का सुधार करना। गुरु महाराज ने कहा कि जिस के कारण इतना सुंदर शरीर पाया, इतनी सुंदर सृष्टि पाई हमने उसी को ही बिसार दिया। उन्होंने कहा कि जम सब के पास वो परम शक्ति है वो अमोला लाल है, लेकिन गांठ खोल कर कोई नहीं देखता। जब तक गुरु धारण नहीं करोगे तब तक भक्ति का मार्ग सुलभ नहीं होगा। गुरु धारण करने के बाद जो गुरु वचन पर टिकता है उसका चरित्र सुधरता है और जिसका चरित्र ऊंचा होता है वही करनी का धनी बनता है। बिना रहनी को सुधारे आप करनी को नहीं संवार सकते। गुरु महाराज ने कहा कि परमात्मा देह रूप में प्रकट नहीं होता वो तो किसी ना किसी माध्यम से आपकी सहायता करता है। जब ऐसी घटनाएं हमारे साथ घटित होती हैं तब तो हम उसका गुणगान करते हैं लेकिन कुछ समय के पश्चात फिर भूल जाते हैं।

*गोपियों का वियोग - वर्णन , वर्णन के लिए ही है उसमें रिस्थितियों का अनुरोध नहीं है । राधा या गोपियों के विरह वह तीव्रता और गंभीरता नहीं है जो समुद्र पार अशोक जन में बैठी सीता के विरह में है ।*

**-आचार्य रामचंद्र शुक्ल**



*ऐसा नहीं था कि मम्मी को मेरे इस हुनर का पता नहीं था पर दादा-परदादा के समय से ही मेरे घर में केवल पढ़ाई को ही तवज्जो दी जाती रही है। कला और संगीत तो चंद समय के लिए बोरियत से उबारने के साधन रहे थे। इन विषयों में कोई उपलब्धि पाना पापा के लिए कोई मायने नहीं रखता था।*



कहानी | **डॉ. कविता विकास**

# ऑल राउंडर



नहीं.. तुम मेरे फैसले के विरोध में नहीं जा सकते। अभी इस काबिल नहीं हुए हो कि बड़े-बड़े निर्णय लेने लगो। पापा का सख्त, सपाट उत्तर सुनकर बड़ी निराशा हुई। बात दरअसल यह थी कि मैं दसवीं के बाद साइंस स्ट्रीम छोड़कर आर्ट लेना चाहता था। ड्राइंग और पेंटिंग में मेरी रुचि थी। मैंने पापा के समक्ष एक और दलील दी, 'आज कल हर स्ट्रीम में सम्भावनाएं हैं। अपने शौक को पूरा करने का अभी ही तो मौका है।' पर पापा कहाँ सुनने वाले थे! विद्यालय के प्रत्येक वार्षिक महोत्सव में मेरे नाम कई मेडल और पुरस्कार होते थे,पर इसकी खुशियां बांटने के लिए घर में कोई नहीं। पापा पेंटिंग को एक तुच्छ विषय मानते थे। मेरा बड़ा भाई अमित पढ़ाई में बहुत अच्छा था और मैं बिलकुल साधारण। अमित भैया पापा की आँखों का तारा थे। वे अक्सर उनका उदाहरण देते, 'अमित ने इस बार भी अपनी कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। इसके कारण समाज में लोग मुझे इज्जत की नज़र से देखते हैं।'यह वाक्य मैं पापा की जुबां से तब से सुनता आ रहा हूँ जब से मैंने नर्सरी में दाखिला लिया था। अमित मुझसे पांच साल बड़ा था। मुझे बेहद प्यार करता था। कभी-कभी पापा मेरे लिए ड्राइंग की कॉपी लाने में आना-कानी करते तो वह अपनी ज़िद से मंगवा देता था।

गणित मुझे बहुत उबाऊ विषय लगता। कक्षा में जब गणित की पढ़ाई होती रहती, मैं चुपचाप अंतिम पेज में ड्राइंग बनाता रहता। एक बार तो मैंने सर की हुबहू सूरत बना दी। यह बात तभी से हवा की तरह फ़ैल गयी कि आनंद बहुत अच्छा चित्रकार है।

ऐसा नहीं था कि मम्मी को मेरे इस हुनर का पता नहीं था पर दादा-परदादा के समय से ही मेरे घर में केवल पढ़ाई को ही तवज्जो दी जाती रही है। कला और संगीत तो चंद समय के लिए बोरियत से उबारने के साधन रहे थे। इन विषयों में कोई उपलब्धि पाना पापा के लिए कोई मायने नहीं रखता था। मम्मी दबी जबान में मेरी तरफदारी करतीं पर इसमें भविष्य बनाना एक जोखिम भरा निर्णय समझती थीं। अक्सर माँ कहतीं, 'बेटा एक पेंटर बनकर तुम कैसे जीवन चला पाओगे? इसमें कोई निश्चित आय नहीं है। हमारे देश में इसका कोई भविष्य नहीं। 'मैं बड़े पेसोपेश में उनके इस तर्क के सामने निरुत्तर हो जाता। आखिर माँ गलत भी नहीं थीं।

दसवीं के बाद पापा के थोपे हुए आदेश के कारण मुझे अपना पसंदीदा विषय छोड़कर गणित और विज्ञान लेना पड़ा। ऐसा नहीं था कि मैं साइंस में कच्चा था, बस पसंद की बात थी। बारहवीं में कड़ी मेहनत की। अमित भैया की तरह टॉप तो नहीं किया पर उम्मीद से ज्यादा अच्छे परिणाम आये। इस दौरान मेरे रंग, पेंसिल, कलर, ब्रश आदि एक बक्से में बंद हो गए थे। पापा ने सख्त हिदायत दे रखी थी कि बारहवीं तक इन्हे छूना नहीं है।

बारहवीं के बाद मेरा दाखिला बंगलोर के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ। हॉस्टल जाते वक्त माँ ने मेरे कपड़ों के बक्से में चुपचाप मेरा पेंटिंग किट रख दिया । बंगलोर की मोहक वादियों में मेरे अंदर का छुपा चित्रकार फिर जाग उठा। एक बार फिर से हाथों ने ब्रश और पेंट थाम लिया। देखते-देखते मेरा कमरा जिसमे एक और सहपाठी रहता था, हॉस्टल का सबसे सुन्दर कमरा हो गया। दीवारों पर लगे नयनाभिराम चित्र और पोस्टर सभी को बेहद भाते थे। पहला और दूसरा साल समाप्त हो गया। छुट्टियों में घर जाता तो पापा काफी खुश नज़र आते। कॉलेज से फीड बैक जाता कि मैं क्लास के श्रेष्ठ छात्रों में से एक हूँ। तीसरे साल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाना था जिसके कारण गर्मी की छुट्टियों में मुझे हॉस्टल में ही रहना था। यूँ तो बंगलोर में गर्मी ज्यादा नहीं पड़ती फिर भी दोपहर बड़ा लंबा लगता। मेरे रूम पार्टनर की कमी खलती थी। उसकी अनुपस्थिति में दोपहर में बहुत बोरियत होती। इन्ही दिनों हॉस्टल में लिपाई-पुताई का काम भी हो रहा था। मेरा कमरा पहले तल्ले पर था। डिस्टेंपर के कारण कॉरिडोर बड़ा सुन्दर लगता था। एक दिन दोपहर में मैंने अपने कमरे के बगल वाली दीवार पे एक सुन्दर चित्रकारी कर डाली और रंग भी भर दिया। अंदर ही अंदर डर रहा था कि हॉस्टल इंचार्ज से इज़ाज़त लिए बिना ऐसा किया है, कहीं डाँट न पड़े, पर तीन दिनों तक वे राउंड पर नहीं आये। इस बीच मैंने पूरे कॉरिडोर में चित्रकारी कर दी। चौथे दिन रात में इंचार्ज सर राउंड पर आये। उस समय रात के नौ बजे थे। लड़के तो कम ही थे और सभी अपने-अपने कमरों में थे। कॉरिडोर की मद्धम रौशनी में दीवारों पर के चमकते हुए रंगों में उकेरे पेड़-पौधे, देवता, नदी, पहाड़-सूर्य मानो जीवित हो उठे। धीमी रौशनी में नहाते गहरे चमकीले रंगों में सजी दीवारों पर इंचार्ज सर मंत्रमुग्ध हो गए थे। दूसरे दिन मुझे कॉलेज बुलाया गया। लम्बी दुपहरिया में मुझे दीवारों पर रंग भरते फर्स्ट फ्लोर के सफाई कर्मचारियों ने देखा था, जिन्होंने इस छिपे आर्टिस्ट की जानकारी सर को दे दी थी। मुझे सर ने सख्त निर्देश दिया कि बाकी के दो तल्लों की दीवारों को भी ऐसी ही चित्रकारी से भर दो ताकि देखने में सभी एक से लगें। डाँट की आशंका अब नहीं थी। चित्रकारी तो मेरा जुनून था। चार दिनों के अंदर वे दो तल्ले भी खूबसूरत बन गए।

गर्मी की छुट्टियाँ ख़त्म हो गयीं। लड़के वापस आ गए थे। हॉस्टल के नए रूप ने सबका मन मोह लिया और गुमसुम सा रहने वाला मैं अचानक उनका हीरो बन गया। कॉलेज के वार्षिकोत्सव की तैयारी आरम्भ हो गयी। माता-पिता को आमंत्रण भेजा गया था। पेरेंट्स की उपस्थिति में वर्षभर की विशेष उपलब्धियों के लिए योग्य छात्रों को पुरस्कार वितरण किया जाता था। टाई-कोट के विशेष ड्रेस-कोड में मैं पापा-मम्मी के बीच में बैठा कार्यक्रम का आनंद ले रहा था। पापा न चाहते हुए भी बोल उठे, 'स्कूल या कॉलेज का शायद ही ऐसा कोई उत्सव रहा होगा जब अमित को पुरस्कार न मिला हो।' मैंने कहा 'पापा, अमित भैया से मेरी क्या तुलना, भैया तो घर की शान हैं। मैं उनकी तरह नहीं बन पाया, इस बात का मलाल तो मुझे भी है।' खैर, जीवन में पहली बार पापा मेरे किसी कार्यक्रम में आए, यही क्या कम था! विभिन्न श्रेणियों में हुई प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थानों पर रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया जा रहा था।

> *"पढ़ाई में उत्तम होने के साथ-साथ कला को भी आत्मसात करने वाला यह शख्स और कोई नहीं, अपना आनंद मल्होत्रा है।' मैं इस अप्रत्याशित उद्घोषणा के लिए तैयार नहीं था, सो जड़वत हो गया। पूरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज रही थी। मेरे साथियों ने मुझे गोद में उठाकर स्टेज पर पहुंचाया। मैंने मुख्य अतिथि के साथ-साथ मंचासीन सभी विशिष्ट व्यक्तियों के पांव छुए। उनसे आग्रह किया कि मैं अपने पेरेंट्स को भी मंच पर बुलाना चाहता हूँ। उनकी स्वीकृति मिलते ही पापा-मम्मी स्टेज पर आये। पापा ने मुझे गले से लगा लिया और तब तक अपने से चिपकाये रखा जब तक मुख्य अतिथि ने उनकी पीठ न थपथपायी। बेहद भावुक क्षण था वह मेरे लिए, कभी न भूलने वाला। पापा की आँखों से बहती अविरल धारा वर्षों की मेरी नाकामी को झुठला रही थी।"*

तभी एक उद्घोषणा हुई, 'पिछले दो सालों से हमने आल राउंडर का खिताब किसी को नहीं दिया। पर इस साल यह खिताब एक ऐसे शख्स को दिया जा रहा है जिसकी वज़ह से हमारे छात्रावास का कोना-कोना जगमगा गया है। गज़ब का जादू है उसके हाथों में, उसका लगन और परिश्रम अतुल्य है। पढ़ाई में उत्तम होने के साथ-साथ कला को भी आत्मसात करने वाला यह शख्स और कोई नहीं, अपना आनंद मल्होत्रा है।' मैं इस अप्रत्याशित उद्घोषणा के लिए तैयार नहीं था, सो जड़वत हो गया। पूरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज रही थी। मेरे साथियों ने मुझे गोद में उठाकर स्टेज पर पहुंचाया। मैंने मुख्य अतिथि के साथ-साथ मंचासीन सभी विशिष्ट व्यक्तियों के पांव छुए। उनसे आग्रह किया कि मैं अपने पेरेंट्स को भी मंच पर बुलाना चाहता हूँ। उनकी स्वीकृति मिलते ही पापा-मम्मी स्टेज पर आये। पापा ने मुझे गले से लगा लिया और तब तक अपने से चिपकाये रखा जब तक मुख्य अतिथि ने उनकी पीठ न थपथपायी। बेहद भावुक क्षण था वह मेरे लिए, कभी न भूलने वाला। पापा की आँखों से बहती अविरल धारा वर्षों की मेरी नाकामी को झुठला रही थी।

*(लेखिका शिक्षाविद् एवं झारखंड विमर्श पत्रिका की सम्पादिका हैं)*

कविता | **लवली आनंद**



## हमर अयोध्या में राम

उठु चालू वेगी अयोध्या धाम  
प्राण मिलत उहा नयन जुरायत  
सबसुख पायब रट राम के नाम।।

कर्म बिनु सब छूट ही जइहें  
श्रम बिनु फल कहा मिलहु न पइहें  
पर जे मन के बहारब सखी सुनु  
तब मिल जइहें कोशल कुमार।।

हे धरणी हे अयोध्या माता  
शत शत नमन रउवा के जननी  
अंगना बुहारब, नगरी बुहारब  
एक पल झलक जे पायब राम।।

कनक भवन अति सुंदर साजल  
पर हृदय में बसे मनमोहक राघब  
जनकसुता संग बैठ भवन में  
अति प्रिय लगते सीताराम।।

सरयू सुंदर,रामबन सुंदर  
लछमन के संग हनुमानगढ़ी सुंदर  
पर जे मन के हर्षित करीहें  
वो हैं प्रभु के राजिबलोचन।।

राम स्तुति दोहे | **अशोक कुमार ढोरिया**



आओ रघुपति धाम में,करके ऊँचा भाल।  
स्वागत में हम आपके,लिए खड़े हैं थाल।।

हाथ जोड़ कब से खड़ा, लेकर प्रभु का नाम।  
आकर दर्शन दीजिए, जय जय जय श्रीराम।।

राम नाम को जप रहे, राम भक्त हनुमान।  
अब तो भगवन आ मिलो,वंदन करे जहान।।

बाल रूप श्रीराम का,जैसे चमके धूप।  
लिए हाथ कोदंड वे, लगते बड़े अनूप।।

राम अवध में आ गए,ले अपना कोदंड।  
कर्म धर्म को धारिये, दूर करो पाखंड।।

अवध विराजे राम हैं, बांट रहे उपहार।  
खुश होकर सब लीजिए,कभी न होगी हार।।

नाम बड़ा है राम का, जाने ये संसार।।  
सबके रक्षक हैं वही,जग के पालनहार।।

दीन हीन के सारथी, ऐसा दो उपहार।  
झूठ कपट का नाश हो,सच की हो जयकार।।

बना अवध में धाम है, हर लब पर है राम।  
सबको यही यकीन है, पूरे होंगे काम।

प्यासे नैन तरस रहे, दर्शन दो श्रीराम।  
स्वागत में अब आपके,सजा अयोध्या धाम।।

मंदिर न्यारा बन रहा , दुनिया में अभिराम।  
हर्षित कण कण हो गया,सजा राम का धाम।।

लघुकथा | **मोनिका राज**



## रोज़मर्रा की ज़िंदगी

ओफ्फहो! यह फिजिक्स कितना बोरिंग है। मुझे बिल्कुल समझ नहीं आती। श्रेया ने अपना सिर पकड़ते हुए कहा।

'इधर आओ।' नीलेश ने कहा। 'अब बताओ, क्या समस्या है?'

श्रेया ने अपनी परेशानी नीलेश को बताई। 'बस, इतनी-सी बात है।', नीलेश ने मुस्कुराते हुए कहा।

फिर उसने श्रेया के हाथ से किताब लेकर उसे खुद से पढ़ाने लगा। श्रेया बड़े ध्यान लगाकर नीलेश की बातें सुन रही थी। बातों -हीं -बातों में कब पूरा चैप्टर उसने श्रेया को समझा दिया, पता हीं न चला। श्रेया ने लगभग कूदते हुए कहा, 'पापा, यू आर रियली ग्रेट! अब मुझे सारे कॉन्सेप्ट्स समझ में आ गए। पर, एक बात बताइये, मैं भी तो बहुत देर से यह सब समझने की कोशिश कर रही थी पर, मुझे क्यों समझ में नहीं आ रहीं थी ?'

'जब तक बस यूँ हीं पढ़ते रहोगे, वो बस किताबों तक हीं रह जायेगा, लेकिन जब आप उसे रोजमर्रा की जिन्दिगी से सम्बंधित करके देखोगे तो तुम्हें सारे कॉन्सेप्ट्स अच्छे से समझ आ जायेंगे और तब न तो तुम्हें उनको रटने की झंझट होगी और न हीं भूल जाने का डर होगा। आयी बात समझ, गुड़िया रानी?' नीलेश ने उसे दुलराते हुए कहा।

नीलेश की बात श्रेया समझ चुकी थी। उसने सहमति में अपना सर हिलाया।

कविता | **गोविन्द भारद्वाज**



## राम नाम का दीप जलाएं

राम नाम के दीप जलाएं,  
नव उजियारा हम फैलाएं।

आए फिर से अवध बिहारी,  
राजी कौशल्या माँ प्यारी।  
देख-देख मन हर्षित होती,  
कैकेई-सुमित्रा महतारी।

दीवाली हम आज मनाएं,  
राम नाम के दीप जलाएं।

आज अयोध्या सज गई सारी,  
नाच रहे हैं सब नर नारी।

ढोल - मृदंग बजे गली- गली,  
श्याम रंग छवि लागे न्यारी।

भजन-कीर्तन मंगल गाएं,  
राम नाम के दीप जलाएं।

राम बिराजे महल अटारी,  
मर्यादा के शुचि अवतारी।  
धनुष-बाण शोभा अति सुंदर,  
हैं श्री राम सकल हितकारी।

सरयू जी भी नाच दिखाएं,  
राम नाम के दीप जलाएं।

**साहित्य समाज का दर्पण भी है तथा मार्गदर्शक भी है। साहित्य समाज के सरोकारों को ही अपना विषय बनाता है। समाज और व्यक्तिगत विकास में साहित्य की महत्वपूर्ण सहभागिता है। समाज में उस क्षेत्र विशेष की संस्कृति फलती फूलती है। संस्कृति लोगों के लिए नैतिक मूल्यों को निर्धारित करता है, जिसका निर्वहन प्रत्येक मनुष्य के लिए अनिवार्य है।**

साक्षात्कार | **ओ.पी. पाल**

# समाज के विकास में साहित्य की अहम भूमिका: डा. रमाकांता

प्रदेश की सुप्रसिद्ध महिला साहित्यकार एवं आकाशवाणी की ग्रेडिड लोक गायिका डा. रमाकांता पिछले चार दशकों से समाज को एक सकारात्मक रूप से नई दिशा देने का प्रयास में गुणवत्ता के आधार पर साहित्य सृजन करती आ रही हैं। लोक साहित्य में समाहित संगीत, नाट्य, नृत्य तथा लोक गीतों के संकलन और शोध कार्य में जुटी काव्य एवं गीत लेखक डा. रमाकांता ने अपने लोक साहित्य एवं काव्य लेखन के सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे तथ्यों का जिक्र किया है, जिससे कहा जा सकता है कि समाज और व्यक्तिगत विकास में साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. रमाकांता शर्मा का जन्म 15 जुलाई 1948 को करनाल जिले के घरौंडा में डा. जयदेव प्रसाद और शांति देवी प्रभाकर के घर में हुआ। उनका परिवार में पूरी तरह से साहित्यिक माहौल था, जहां उनकी माता ग्रामीण क्षेत्र की पढ़ी लिखी महिला थी और बड़ी बहन उर्मिलकांता शर्मा उस समय पंजाब भाषा विभाग की प्रसिद्ध कवयित्री थी, जो विभाग में सभी प्रतियोगिता में हिंदी कविताओं में पुरस्कार हासिल करती रही है। साल 1956 में जब रमाकांता कक्षा तीन में थी, तो उन्होंने खुद लिखी एक कविता स्वतंत्रता दिवस पर पढ़ी तो उसे विद्यालय के मुख्याध्यापक ने पुरस्कार के रूप में एक चांदी का रुपया इनाम में दिया, जो आज भी उन्होंने अभी तक धरोहर के रूप में सुरक्षित रखा हुआ है। इसके बाद वे स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर हिंदी, पंजाबी और उर्दू भाषाओं में काव्य प्रतियोगिताएं जीती और स्वरचित कविताएं तत्कालीक कॉलेज मैग्जीन तथा पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई तो उनका आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक था। बकौल रमाकांता नौकरी में आने के बाद उन्होंने कला(फाइन आर्ट) तथा संगीत विषय का अध्यापन किया, वैसे भी विरासत में मिले साहित्यिक माहौल के कारण बचपन से कला, संगीत व साहित्य से रहे संबन्ध के कारण उन्होंने असंख्य गीत व कविताएं लिखी। उनकी साहित्यिक विद्या काव्य सृजन है, लेकिन उन्होंने गद्य व पद्य सभी विधाओं में साहित्य सृजन किया, जिनके विस्तृत लेखन क्षेत्र में कहानी, कविता, लघुकथा, नाटक, आलोचना, समीक्षा अनुवाद तथा संपादन जैसी विधाएं शामिल हैं। जिसकी बदौलत उनकी हरियाणवी भाषा, हरियाणवी संस्कृति (लोक साहित्य) तथा हिंदी गद्य व पद्य में करीब तीन दर्जन पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है। डा. रमाकांता ने प्रसिद्ध साहित्यकारों की लघुकथा तथा कहानियों की पुस्तकों का हरियाणवी में अनुवाद भी किया है। वहीं उन्होंने स्वयं अपनी कुछ हिंदी लघुकथाओं का मैथिली, पंजाबी तथा बुंदेली में अनुवाद किया है। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी में अनुवाद का संपादन भी किया। उन्होंने 250 लघुकथाओं, 50 कहानियों, करीब 20 नाटक तथा करीब 500 कविताओं का सृजन कर पाठकों को नई दिश डा. रमाकांता ने हरियाणवी संस्कृति संवर्धन की दिशा में लोक पर्व, ऋतुमास उत्सवों की वीडियोग्राफी एवं वृत्तचित्र में भी लोकगीत लेखन, संकलन, गायन और संगीत निर्देशन की भूमिका भी निभाई है। इनमें हरियाणा सरकार की योजनाओं के प्रचार व प्रसार के लिए तैयार वृत्तचित्रों में नृत्य, अभिनय और गायन से संस्कृति के क्षेत्र में अपना योगदान देने वाली रमाकांता ने दूरदर्शन पर प्रयोजित 'बोल हमारे गीत तुम्हारे' तथा 'अजब-अजूबे' शीर्षक से प्रायोजित कार्यकमों के 13-13 एपीसोड में गीत लेखन और गायन की कला की छटाएं भी बिखेरी हैं। वहीं हरियाणवी संस्कृति पर आधारित सुरंग, द गैस्ट तथा थाल जैसी वेबसीरिज तथा लघुफिल्मों में अभिनय की भूमिका भी निभाई है।

### प्रकाशित पुस्तकें

डॉ. रमाकांता ने हिन्दी उपन्यासों में असामान्य पात्र, मधुकांत की एकादश शैक्षिक कहानियाँ, नाथ संप्रदाय का अध्ययन, मधुकांत की व्यंग्यात्मक कहानियों की समीक्षा, लघु कथा संग्रह कथा मंजरी, कविता संग्रह काव्य-कुंज, कविताएं बालगीत, काव्य संग्रह वन्दन माटी का, बाल एवं किशोर साहित्य,और महक रिश्तों की जैसी कृतियां पाठकों के सामने पेश की हैं। हरियाणवी लोक साहित्य में लघुकथा संग्रह माल्लक दैक्खै सै, नाटक संग्रह कोथली आदि पुस्तके शामिल हैं।



डॉ. रमाकांता शर्मा

### पुरस्कार व सम्मान

डा. रमाकांता शर्मा को कई दर्जन पुरस्कार मिल चुके हैं। उन्हें प्रमुख रुप से भारत भूषण सम्मान, महादेवी वर्मा कविता गौरव सम्मान, काव्य पाठ सम्मान, हिन्दी साहित्य श्री सम्मान, हिन्दी साहित्यरत्न सम्मान, अमूल्य वृद्ध सम्मान, साहित्य सोम सम्मान पत्र, विवेकानन्द शिक्षारत्न सम्मान, डॉ0 राधाकृष्णन सम्मान, रक्तदान सृजन सेवा सम्मान, वूमैन पॉवर अवार्ड, 'श्रमिका श्री' सम्मान, प्रज्ञा साहित्यिक सम्मान एवं प्रज्ञा साहित्य सृजन सम्मान शामिल हैं। वहीं उन्हें साहित्य चेतना यात्रा सम्मान, निर्मला स्मृति हिन्दी साहित्य रत्न सम्मान, सरतीदेवी मित्तल स्मृति सम्मान, लाजवन्ती चावला

### व्यक्तिगत परिचय

**नामः** डॉ. रमाकांता शर्मा  
**जन्मतिथिः** 15 जुलाई 1948  
**जन्म स्थानः** घरौंडा (करनाल)  
**शिक्षाः** एमए, पीएचडी (हिन्दी), पीएचडी (संगीत), बीएड (गोल्डमैडल),एलएलबी।  
**संप्रतिः** सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी, सेवानिवृत्त सहायक प्रोफेसर, हिन्दी विभाग बीएमयू, रोहतक।

# आशावादी जीवन की प्रेरणा 'नई सोच-नये रंग'



पुस्तक समीक्षा | **शशि कांत चौहान**

नई सोच नये रंग लघु कविता संग्रह के माध्यम से कवि डॉ. हरीशचंद्र झन्डई ने पाठकों को कुल 115 कविताओं के माध्यम से आशावादी जीवन जीने, सामाजिक विसंगति, प्रकृति प्रेम और कोरोना जैसी त्रासदी का सजीव चित्रण किया है। वहीं प्रेम की परिभाषा व जीवन की छोटी-छोटी बातों को गंभीरता से प्रस्तुत किया है। अपने काव्य संग्रह के शीर्षक के साथ भी उचित न्याय किया है। विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालती लघु कविताओं में अधिकांश जीवन से संबंधित है। 'जीवन में बहार' कविता के माध्यम से कवि ने बताया है कि जीवन तभी सार्थक होगा जब उसमें मजबूत इरादे और हौसले हो। 'चुनौतियों का सामना' कविता में कवि ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य के जीवन में चुनौतियां आती हैं। उन चुनौतियों का सामना करने के लिए दृढ़ संकल्प, संघर्ष, शांत स्वभाव तथा उद्देश्य की स्पष्टता का होना जरूरी है। 'कितने रंग बिखरे जीवन में' कवि ने जीवन के प्रति आशा का दृष्टिकोण पर बल दिया है। इनकी कविताएं लक्ष्य व नई उड़ान कविता लोगों में आशावादी दृष्टिकोण पैदा करती है। इसी प्रकार 'आओ थाम लें उम्मीद' कविता में कवि का संदेश है कि जीवन को आगे बढ़ाने के लिए उम्मीद की आवश्यकता है। ऊंचे सपनों की कामना कविता महत्वाकांक्षा पर बल देती है। वहीं दूसरी ओर इस पुस्तक में 'अपना देश', 'वीरों का शौर्य', 'राष्ट्रीय ध्वज' में कवि ने देश प्रेम की भावना को जागृत कर रहे हैं। इन कविताओं में देश प्रेम की झलक दिखती है। 'वीरों का शौर्य' में देश पर कुर्बान होने वाले शहीदों के बारे में लिखा है। इन कविताओं में भारतीय संस्कृति की विशिष्टताओं पर बहुत ही सुंदर तरीके से प्रकाश डाला गया है। 'भरे सूने जीवन में रंग' कविता आशावादी भावों से ओतप्रोत कविता है। कवि ने जीवन के विविध आयामों को शब्द चित्र के माध्यम से कैनवास पर उकेरने का काम बहुत ही शानदार तरीके से किया है। इनमें 'जीवन है सूखे पत्तों की तरह' कविता में उपमा अलंकार के माध्यम से जीवन की नश्वरता का चित्र उकेरने का प्रयास किया है। 'देखो कल का सूरज' कविता सकारात्मक सोच और आशावादी चिंतन से अनुप्राणित है। हर कविताएं एक नए संदेश व नई ऊर्जा प्रदान करती है। सरस, सुबोध व प्रवाहमयी भाषा इस पुस्तक की विशेषता है, जो बेहतर जीवन जीने का संदेश देती है।

**पुस्तक :** नई सोच-नया रंग  
**लेखक :** डॉ. हरीशचंद्र झन्डई  
**मूल्य :** 250 रुपये  
**प्रकाशक :** बोधि प्रकाशन

# जीवन जीने की सीख देती 'अमीबा एवम् अन्य कविताएँ'



पुस्तक समीक्षा | **नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

डॉक्टर संतोष पटेल अपनी कविता संग्रह 'अमीबा एवम अन्य कविताएँ' के माध्यम से समाज के विभिन्न पहलुओं पर अलख जगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने इस पुस्तक के द्वारा विभिन्न समस्याओं पर अपनी कलम के माध्यम से जोड़दार प्रहार किया है। इस पुस्तक में एक तरफ जहाँ बहुजन समाज की जिंदगी के कई गुमनाम पहलुओं को केंद्र में रखा है वहीं प्रेम, भाईचारे, गांधीवादी विचार, अंबेडकर के विचारों से सुसज्जित मुद्दों पर भी कलम तोड़ी गई है। संग्रह की पहली कविता 'रेगिस्तान के फूल' में कवि ने आम जीवन की बात किया है। जिस तरह से प्रकृति फूलों को उपजा देती है, ठीक वैसे ही जीवन में खुशियों की इमारत का निर्माण होता है। इंसान में संवेदना, प्रेम, दया, करूंगा समाहित होना चाहिए ताकि जीवन की नैया को पार लगाया जा सके। डॉक्टर पटेल की एक कविता 'व्याकुलता' में भी प्रेम से जीवन को आगे बढ़ाते जाने की बात करतें हैं। कवि ने मिलन की आस को बड़ा ही सजीवता से तुलनात्मक रूप से लिखा है। कवि डॉक्टर पटेल की कविता 'लोक और शिष्ट' में वर्षों से समाज में चले आ रहे शोषण को लिखा है। एक लेखक अपनी रचनाओं में पहले सिर्फ अपने वर्ग की बात करता था, वहीं जब से शोषक वर्ग ने कलम उठाई है, उन्होंने सामाजिक शोषण का पर्चा-पर्चा खोल दी है। शोषित वर्ग की अधिकारों की लड़ाई कलम से लड़ी जाने लगी है। उनकी एक और कविता 'वर्ना गांधी पसंद कब थे उन्हें' में वर्तमान भारत में गांधी की दशा पर लिखा है। आज के दौर में गांधीवाद सिर्फ नाम का सिम्बल मात्र ही समझा जाने लगा है। तभी तो गांधी सिर्फ भाषण देने के काम आते है और बदले में गोडसेवादियों ने समाज को हिंसक बना रखा है।

एक कविता 'दलित के घर सहभोज' के माध्यम से उन्होंने सामाज में फ़ैल चुके भेदभाव को उजागर किया गया है। एक तरफ जहां संविधान में भेदभाव को खत्म करने की कोशिश हुई है, लेकिन संविधान लागू होने के सात दशक बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हैं। डॉक्टर संतोष पटेल की पुस्तक से समाज को बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है।

**पुस्तक :** अमीबा एवम अन्य कविताएँ  
**लेखक :** डॉ. संतोष पटेल  
**मूल्य :** 225 रुपये  
**प्रकाशक :** न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन

## खबर संक्षेप



### आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में किया ध्वजारोहण

**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर के प्रचलित विद्यालय आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में गणतंत्र दिवस पर विद्यालय प्राचार्य नीतीश मिश्र द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने इस अवसर पर सभी बच्चों अध्यापकों वह अभिभावकों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी । इस अवसर पर श्री शांति देवी रामगोपाल ट्रस्ट के चेयरमैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी आनंद यादव, नंबरदार कुलदीप यादव, निदेशक साहिल यादव, प्रिंसिपल नीतीश मिश्र, वाइस प्रिंसिपल गीता यादव, स्टाफ सहित जनों ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की महत्ता के बारे में बताते हुए कहा कि ये आजादी हमें यूं ही हासिल नहीं हुई इसके लिए हमारे जांबाजों ने अपनी जान गवांकर हमें सांस लेने का हक दिया हैं। वहीं उन्होंने सभी को देश के लिए मर मिटने के टिप्स दिए।



### भाजपा नेता ने किया पार्टी की नीतियों का प्रचार

**तोशाम।** भाजपा नेता एवं समाजसेवी अनिल शर्मा ने भाजपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने के लिए गांव ढाणी रिवासा का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका गांव में पहुंचने पर फूल-मालाओं से स्वागत किया। भाजपा नेता शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की देश व प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाएं लागू कर निरंतर आमजन को सुख-सुविधा देने में कोई कौर कसर नहीं छोड़ रही है। भाजपा सरकार देश, धर्म, संस्कृति व समाज के लिए कार्य कर रही है, जिनका लाभ देशभर में हिंदुस्तानियों को मिल रहा है। गरीब लोगों का लाखों रुपये का इलाज आयुष्मान व चिराग योजना के तहत निःशुल्क हो रहा है। इस अवसर पर गांव ढ़ाणी रिवासा के सरपंच ओमप्रकाश, पंच रंजीत जोगी, सुनील शर्मा, संदीप, सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 26 जनवरी की परेड व कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थिति भावुक करने वाली, महिलाएं बढ़ रही आगे

# राम राज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए लगातार काम कर रहे प्रधानमंत्री मोदीः कैप्टन अभिमन्यु





हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित कैप्टन अभिमन्यु व अन्य पदाधिकारी और कार्यक्रम में मौजूद लोग। फोटोः हरिभूमि





हिसार। कैप्टन अभिमन्यु को स्मृति चिह्न प्रदान करते ग्रामीण। फोटोः हरिभूमि

किसान, मजदूर, दलित, बेरोजगार युवा सहित हर वर्ग के कल्याण की दिशा में प्रधानमंत्री प्रयासरत, भाजपा नेता ने स्याहड़वा गांव में किया विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

#### देश पिछड़ा नहीं रहना चाहिए

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य है। जब इन बच्चों के हाथ में कल को बागडोर आए तो हमारा देश पिछड़ा नहीं होना चाहिए, देश में भूखमरी व किसी चीज का अभाव नहीं होना चाहिए। इसी दिशा में प्रधानमंत्री काम कर रहे हैं और हमें विश्वास है कि वह दिन दूर नहीं जब देश में राम राज्य होगा। पूर्व की यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आए दिन घोटाले होते थे, लेकिन आज 10 वर्षों में एक भी घोटाला नहीं हुआ, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का कमाल है। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में केवल अपनी व अपने बेटों की भलाई के लिए काम होता था, आम जनता का कोई ध्यान नहीं था। देश का किसान व मजदूर गरीब होता चला गया लेकिन यूपीए व कांग्रेस ने कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में अपना सहयोग दें।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग, जिला महामंत्री धर्मबीर रतेरिया, जिला परिषद वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि समुन्द्र बूरा, ब्लॉक समिति चेयरमैन सुरेन्द्र मंडा, रविन्द्र रॉकी, हंसराज बिश्नोई, श्रीराम सरपंच रावतखेड़ा, दर्जनों गांवों के सरपंच, स्याहड़वा गांव के सरपंच प्रतिनिधि राजेश, बीडीसी मैंबर सोमबीर, ईश्वर पायल व प्रदीप गावड़ के अलावा शहीद नमन खेल समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। समिति पदाधिकारियों ने कैप्टन अभिमन्यु को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता के समक्ष संकल्प रखा है कि देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। इसके तहत जब देश की आजादी के 100 साल पूरे हों, तो वर्ष 2047 में हमारा देश विकासशील देशों की श्रेणी से निकलकर विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में होना चाहिए। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस संकल्प में साथ दें और इसे पूरा करने में अपना योगदान दें ताकि देश में राम राज्य की कल्पना को साकार किया जा सके। कैप्टन अभिमन्यु रविवार को नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांव स्याहड़वा में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। ग्राम पंचायत, ग्रामीणों एवं शहीद नमन खेल खेल समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में दिन-रात प्रयास कर रहे हैं। उनके संकल्पों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत, राम राज्य की अवधारण, महिलाओं को बराबर की भागीदारी, किसान, मजदूर, दलित, बेरोजगार युवा सहित हर वर्ग के कल्याण की दिशा में प्रधानमंत्री प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी की परेड को उन्होंने खुद देखा है, इसमें महिलाओं ने कार्यक्रमों के माध्यम से व उपस्थिति के माध्यम से जो भागीदारी दिखाई, उससे साबित हो गया है कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। निश्चय ही महिलाओं की उपस्थिति भावुक करने वाली थी, अन्यथा आज तक महिलाओं को केवल चारदीवारी तक ही सीमित रखा जाता था।

सरकार ने अनेक योजना इनके लिए बनाई है। उन्होंने राम राज्य का जिक्र करते हुए कहा कि वही युग प्रधानमंत्री मोदी लाना चाहते हैं और इसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने स्याहड़वा की जनता से अपील की कि वे भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रधानमंत्री का साथ दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के हित में बड़ा कदम उठाते हुए उन्हें चूल्हे के धुएं से निजात दिलाते हुए घर-घर गैस कनेक्शन देने की योजना बनाई। जो गरीब थे, उन्हें उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस सिलेंडर दिए गए। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस की सरकारों ने सैनिकों व पूर्व सैनिकों को वन रैंक-वन पैंशन न देकर भी उनके हितों से खिलवाड़ किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सैनिकों का सम्मान बहाल किया।



## आप कार्यकर्ता पहुंचे जींद रैली में

■ राकेश चांदवास ने कहा कि रैली को लेकर बाढ़ड़ा विस क्षेत्र के लोगों में उत्साह दिखाई दिया

**बाढ़ड़ा।** जींद रैली में शामिल होने के लिए बाढ़ड़ा क्षेत्र के आप कार्यकर्ता रविवार सुबह जीतपुरा बस अड्डे पर एकत्रित हुए। उसके बाद वे वाहनों के जत्थे के साथ जिला सचिव राकेश चांदवास की अगुवाई में जींद रवाना हुए।

बता दें कि 28 जनवरी रविवार को जींद में आयोजित आम आदमी पार्टी की रैली में शामिल होने के लिए पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांव जीतपुरा बस अड्डे पर एकत्रित हुए। इस दौरान राकेश चांदवास ने कहा कि रैली को लेकर बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है और जनसंपर्क अभियान के दौरान भी उत्साह देखने को मिला था। वे बेसब्री से रैली का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप नेताओं के विचार सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग बाढ़ड़ा से जींद जींद पहुंचे हैं। उन्होंने दावा किया रैली दूसरी राजनीतिक दलों की नींद उड़ाएगी और इसके बाद से हरियाणा मे बदलाव का आगाज होगा।

### भाजपा सरकार कर रही है विकास में नए आयाम स्थापित

**बवानीखेड़ा।** भाजपा सरकार आने पश्चात हलके में विकास की गंगा बह रही है। कस्बा की बात की जाए तो विधायक बिसंबर वाल्मीकि द्वारा डॉ. हैडग्वार सभागार, पं.दीन दयाल उपाध्याय दार्शनिक स्थल, अग्निशमन केन्द्र, सीवरेज प्रणाली, गलियों, नालियों का निर्माण सहित अनेक विकास कार्य करवाए हैं। ये बात भाजपा वरिष्ठ नेता एवं विद्यालय संचालक उमेश भारद्वाज ने कहे। उन्होंने बताया कि किसानों की ड्रेन में आखिरी छोर तक पानी पहुंचाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है। कौशल रोजगार योजना में अनगिनत युवाओं को रोजगार मिला है ।



उमेश भारद्वाज

# बच्चों ने कविताओं से भरा जोश

■ गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की दी प्रस्तुती

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भिवानी के प्रांगण में विद्यालय की प्राचार्या डॉ.अनीता शर्मा की अध्यक्षता में 75वां गणतन्त्र दिवस धूमधाम मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.अनीता शर्मा ने राष्ट्रगान के साथ झंडा फहराया और प्रणाम करना हम भारतवासियों की परंपरा है कविता ने सभी श्रोतागण को मंत्र मुग्ध कर दिया ।

इस सुअवसर पर विद्यालय में अनेक देशभक्ति से ओत.प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय की शिक्षिका प्रिया ने हम आजादी के मतवाले_ कविता सुनाई व सुषमा शर्मा ने हे रोम रोम में बसने वाले राम सुंदर भजन प्रस्तुत किया । विद्यालय की हिंदी शिक्षिका अनु शर्मा बड़ी शिद्धतों से मिलते हैं दोस्त कविता ने कार्यक्रम की शोभा को चार चांद लगा दिए । दिल्ली वंडर वर्ल्ड स्कूल व वंडर वेल एकेडमी जुई की शिक्षिकाओं द्वारा बहुत ही सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्राचार्या डॉ.अनीता शर्मा ने तिरंगे को सलामी दी और देशभक्ति से ओत .प्रोत एक कविता सुनाई । अंत में प्राचार्या डॉ.अनीता शर्मा जी ने अपने भाषण के माध्यम से संविधान निर्माताओं व देश के वीर शहीदों को कोटि.कोटि नमन किया तथा संविधान निर्माण के लिए उनके अतुलनीय सहयोग से परिचित करवाया । इस कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम से हुआ । मिष्ठान का वितरण किया गया । इस समय विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।



भिवानी। ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित। फोटो : हरिभूमि

### बिजली के खंभे से टकराई कार

**हांसी।** जींद हांसी रोड स्थित गांव माढा में शनिवार रात को सामने से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बचने के प्रयास में एक कार सडक किनारे खड़े खंभे में जा घुसी। जिससे कार चालक व उसके साथ कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंच दोनों घायलों को कार से निकाल उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने कार चालक पेटवाड़ व हाल नारनौंद निवासी 35 वर्षीय सोनू को मृत घोषित कर दिया जबकि उसके दोस्त भगवत की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के उपरांत हिसार रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों ने उसे उपचार हेतु हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है।



### बीआर स्कूल में पेरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**चरखी दादरी।** बीआर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिरहीकलां में पेरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन हुआ, जिसमें अंजलि सिंह बतौर मुख्यातिथि, बीआर ग्रुप के चेयरमैन हरीश भारद्वाज व प्राचार्य राममोहन वशिष्ठ अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्यातिथि अंजलि सिंह ने बताया कि हम अपने बच्चों को कैसे काबिल एवं अच्छा नागरिक बना सकते हैं, इसके लिए हमें बच्चे के साथ मित्रतापूर्वक व्यव्हार करना चाहिए और उनसे हर बात सांझा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो हम अपने बच्चे में देखना चाहते है, वो पहले हमें खुद के व्यव्हार में लाना चाहिए, हमें बच्चों से मोबाइल से दूरी बनाने के लिए समझाना चाहिए, अन्यथा धीरे धीरे बच्चा हमारी पहुंच से बाहर निकल जाएगा। आजकल की शिक्षा प्रणाली के बारे में भी अभिभावकों को अवगत करवाया कि ये प्राचीन समय से कैसे अलग है। अभिभावकों ने भी बच्चों के साथ आने वाली परेशानियों के बारे में मुख्यातिथि से बातचीत कर सुलझाने का प्रयास किया।

# सांसद धर्मवीर सिंह के पिता को दी श्रद्धांजलि

■ सांसद के पिता का समाज में बड़ा योगदान रहा : अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के 94 वर्षीय पिता भल्लेराम के निधन पर सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य मंत्री बनवारी लाल ,रोहतक सांसद अरविंद शर्मा ,कांग्रेसी नेत्री किरण चौधरी की बेटी एवं पूर्व सांसद श्रुति चौधरी सहित अनेक नेताओं व संगठनों के प्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित। जन स्वास्थ्य मंत्री बनवारी लाल,रोहतक सांसद अरविंद शर्मा ,श्रुति चौधरी पूर्व सांसद, राव नरेंद्र पूर्व मंत्री, फणींद्रनाथ शर्मा संगठन मंत्री भाजपा, ने कहा कि भालेराम का समाज में बड़ा योगदान था,वे हर किसी को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर चलने वाले व्यक्तित्व रहे हैं। हर वर्ग का सम्मान करते थे और उनके जीवन में सेवाभाव विचारधारा रही है,जिसको आज भी उनका परिवार निभा रहा है। उन्होंने कहा कि माता पिता चाहे 200 वर्ष तक हमारे बीच में रहे,उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहता है। लेकिन जब वे हमारे बीच में नहीं होते हैं तो बड़ा दुख होता है। इस अवसर पर बनवारी लाल सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य मंत्री, अरविंद शर्मा सांसद, श्रुति चौधरी पूर्व सांसद, राव नरेंद्र पूर्व मंत्री, फणींद्रनाथ शर्मा संगठन मंत्री भाजपा, विधायक घनश्याम सर्राफ , सुखविंद्र मांढी प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा एवं पूर्व विधाय,रामकुमार कटवाल पूर्व विधायक,दिनेश ज्वाइंट कमिश्नर मानेसर, कर्मबीर सैनी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, रणधीर कापड़ीवास पूर्व विधायक, पंडित छाजुराम, अशोक यादव चेयरमेन, सुरेंद्र बंटी पूर्व चेयरमेन महेंद्रगढ़, मोहन लाल सैनी पूर्व चेयरमेन सोहना, जगदेव मालिक पानीपत, जयबीर सिंह आर्य,आइएएस, मनोज कुमार एसडीएम, सुरेंद्र सिंह एसडीएम, संदीप यादव नीरपुर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति सांसद धर्मवीर सिंह के पिता स्व. भले राम को श्रद्धांजलि अर्पित करने सांसद के निवास स्थान भिवानी पहुंचे।



भिवानी। सांसद धर्मबीर सिंह के पिता स्व. भलेराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# आठ गांवों से पानी की निकासी का होगा स्थायी प्रबंध : नैना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चरखी दादरी

■ सरकार ने 1.57 करोड़ रुपये किए जारी

■ पंचायती राज विभाग ने एस्टीमेट तैयार किया



नैना चौटाला

जिले के आठ गांवों में दूषित पानी की निकासी के स्थायी प्रबंध किए जाएंगे। दूषित पानी की निकासी के लिए विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा चार गांवों में सीवरेज लाइन और चार गांवों में नालों का निर्माण करवाया जाएगा, जिससे इन गांवों में रहने वाले लोगों को राहत मिलेगी। उक्त बात बाढ़ड़ा से विधायक नैना चौटाला ने कही।


विधायक नैना के निर्देशानुसार पंचायती राज विभाग ने सीवरेज लाइन और नाला निर्माण कार्यों के लिए एस्टीमेट तैयार किए और अब प्रदेश सरकार द्वारा विभाग द्वारा तैयार प्रपोजल को स्वीकृति दी जा चुकी है। इस परियोजना पर एक करोड़ 56 लाख 69 हजार रुपये की राशि खर्च होगी। ये कार्य पूरे होने के बाद इन आठ गांवों में दूषित पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध हो जाएंगे। विधायक नैना चौटाला ने बताया कि बाढ़ड़ा विस क्षेत्र के गांव महराणा, खेड़ी सनवाल, गोठड़ा, कारी मोद, काकड़ौली हुकमी, डांडमा, शीशवाला और पिचौपाकलां में पानी की निकासी का प्रबंध होगा।

# एसपी इलेवन ने जीता मैच

■ जी लिट्रा वैली स्कूल में हुआ रोमांचक मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

जी लिट्रा वैली ग्राऊंड में रविवार को एसपी इलेवन व भिवानी बार क्लब के बीच 25-25 ओवरों का क्रिकेट मैच खेला गया,जिसमें भिवानी बार क्लब के कप्तान मुकेश गुलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। ओपनर बल्लेबाज विजेंद्र पंवार व रमन तंवर ने मैदान के चारों ओर अच्छे शॉट लगाते हुए 6 ओवरों में 50 रन बनाएं तथा एसपी वरूण सिंगला की चिंता को बढ़ा दिया। इसके बाद एसपी सिंगला ने एएसपी लोगेश को गेंद सौंपी तथा उन्होंने पुलिस टीम को पहली सफलता दिलाई। भिवानी बार क्लब 25 ओवरों में 178 रन ही बना पाया। एसपी इलेवन ने डीएसपी विरेंद्र सिंह व एएसआई कर्मवीर सिंह को ओपनिंग में भेजा, दोनों ने ताबड़ तोड़ बल्लेबाजी कर छह ओवरों में 62 रन बिना विकेट गवाएं बनाए। दो-तीन विकेट गिरने के बाद एसपी सिंगला ने खुद कमान संभाली और एएसपी लोगेश के साथ मिलकर अच्छी सांझेदारी की और मैदान के चारों ओर अच्छे शॉट जमाएं। मैच में एसपी इलेवन को चार रन बनाने थे, जो उन्होंने बनाकर मैच जीत लिया। इस मौके पर एएसआई राकेश, कमांडो संदीप, एएसआई विरेंद्र, एसची सुभाष, एचसी रविंद्र, अधिवक्ता सुरजीत सैनी, रजनीश तिवारी, मन्नु जांगड़ा, सुनील लाठर, संजीव गुप्ता, हरेंद्र भालोठिया, जैमलसिंह, विजेंद्र श्योराण आदि मौजूद रहे।



भिवानी। मैच से पूर्व दोनों टीमें। फोटो : हरिभूमि

### बेरोजगारी से जूझ रहे युवाओं के साथ धोखा है अग्निवीर योजनाः कर्नल

# पूर्व सैनिकों ने अग्निवीर को रद करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

चौधरी सुरेंद्र सिंह पार्क में रविवार को वेटरन संगठन की बैठक हुई। बैठक में मुख्य वक्ता पूर्व विधायक कर्नल रघुबीर सिंह छिल्लर ने संबोधित किया।

बैठक की अध्यक्षता भिवानी ब्लॉक प्रधान कैप्टन सुरेश तंवर ने की तथा मंच संचालन संगठन के जिला प्रधान सूबेदार मेजर बिजेंद्र ग्रेवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अग्निवीर योजना से देश की सुरक्षा एवं युवाओं के भविष्य पर पड़ रहे नकारात्मक असर पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। इसके अलावा वन रैंक-वन पेंशन लागू करने की मांग भी पुरजोर से उठाई गई। पूर्व विधायक कर्नल छिल्लर ने कहा कि अग्निवीर योजना देश में बेरोजगारी से जूझ रहे लाखों युवाओं के भविष्य के साथ छलावा व धोखा है। एक तरफ अग्निवीर योजना देश के खूफिया तंत्र के लिए बहुत बड़ा खतरा साबित होगी, वही इस योजना के तहत सेना में भर्ती होने वाले युवाओं का भविष्य भी सुखद नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने करीबन डेढ़ लाख युवाओं को पुरानी भर्ती से नियुक्ति का वादा करके बदले में बेरोजगारी एवं हताशा ही दी है, ऐसे में वे केंद्र सरकार से मांग करते है अग्निवीर योजना को पूरी तरह से खत्म कर नियमित भर्ती की जाए। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि अग्निवीर योजना को जल्द रद नहीं किया एवं वन रैंक-वन पेंशन को लागू नहीं किया तो भाजपा को इसका खामियाजा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। संगठन के जिला प्रधान सूबेदार मेजर बिजेंद्र ग्रेवाल ने कहा कि आरटीआई की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 और 2023 में अग्निवीर भर्ती के लिए 35 लाख युवाओं ने पंजीकरण करवाया तथा 2023 व 2024 में अभी तक सिर्फ 10 लाख युवाओं ने पंजीकरण करवाया है, इससे साफ है अग्निवीर योजना के चलते देश के युवाओं में सेना में भर्ती होने का क्रेज खत्म हो रहा है, क्योंकि उन्हें इस योजना के तहत अपना भविष्य नजर नहीं आ रहा। इस अवसर पर संगठन के महासचिव श्रीराम जांगड़ा, नीरज, कैप्टन नरेंद्रसिंह, सूबेदार राजाराम, कैप्टन राजपाल दहिया आदि मौजूद रहे।



भिवानी। बैठक के दौरान एकत्रित वेटरन संगठन के पदाधिकारी व सदस्य।

# डेरा सच्चा सौदा की भिवानी आई डोनेशन समिति ने देशभर में पाया तृतीय स्थान, नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरूक करना ही उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आंखें है तो जगत है, क्योंकि आंखों से ही हम सारे जगत को देख पाते है, जब किसी के पास आंखें न हो तो दान दी गई आंखों से देखना ही एकमात्र उपाय एवं उम्मीद बचती है और इस उम्मीद को डेरा सच्चा सौदा की देशभर में ब्लॉक स्तर पर गठित की गई आई डोनेशन समितियों ने पंख लगाए हैं।

डेरे ने नेत्रहीनों के लिए आई डोनेशन समिति का गठन किया,जो मृत्यु उपरांत आंखें दान करने की प्रक्रिया को न केवल पूरा करवाती है, बल्कि जीवित व्यक्ति का आंखे दान करने की इच्छा होने पर फॉर्म भरवाने का काम भी करती है। भिवानी की आई डोनेशन समिति ने नेत्रदान में बेहतरीन कार्यो के बल पर अलग पहचान बनाई हैं और देशभर में गठित डेरा सच्चा सौदा की भिवानी आई डोनेशन समिति ने देश में तृतीय स्थान प्राप्त डेरा सच्चा सौदा दरबार से स्मृति चिह्न प्राप्त किया। 27 को सिरसा दरबार से तोशाम रोड स्थित नामचर्चा घर में लौटने पर नेत्रदान समिति सदस्यों का भिवानी ब्लॉक के डेराप्रेमियों ने स्वागत कर उनके कार्य की प्रशंसा की। समिति ब्लॉक भिवानी के मुख्य सेवादार मनोज इन्सां लोगों को प्रेरित करते हैं।

## तोशाम रोड नामचर्चा घर में स्मृति चिह्न लेकर लौटी नेत्रदान समिति का किया स्वागत

### नेत्रदाता की मृत्यु के तीन से 6 घंटे बाद तक नेत्रदान संभव

समिति के सदस्य ने बताया कि नेत्रदाता की मृत्यु उपरांत उनके परिजनों द्वारा सूचित करने पर उनकी सहमति से वे चिकित्सकों के पास सूचना भेजकर नेत्रदान करवाते है। नेत्रदाता की मृत्यु के तीन से 6 घंटे बाद तक नेत्रदान संभव हो पाता है। उन्होंने वर्ष 2017 से 2023 तक 37 नेत्रदान भिवानी ब्लॉक से करवाएं हैं। इसके अलावा गांव धनाना व किरावड़ से दो नेत्रदान करवाए है। भिवानी ब्लॉक की उपलब्धियों के चलते उन्हें देशभर में तीसरा स्थान मिला है।


भिवानी। देशभर में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली भिवानी आई डोनेशन समिति के सदस्यों का स्वागत करते डेराप्रेमी।

### इन्होंने किया स्वागत

इस मौके पर डेरा सच्चा सौदा के 26 मैंबर पूर्व एसडीओ जगदीश इन्सां, सेवादार राजेंद्र कालड़ा, ब्लॉक सेवादार मिस्त्री राजू इन्सां, छत्रपाल, 85 मैंबर पंकज कथूरिया, 85 मैंबर बहन पुष्पा व शीला, राकेश पिलानिया ने बताया कि ये उनके ब्लॉक के लिए गौरव का विषय है कि नेत्रदान समिति भिवानी को देशभर में तृतीय स्थान मिला है। इससे प्रेरित होकर लोगों में नेत्रदान के प्रति रूझान बढ़ेगा तथा दृष्टिबाधितों के लिए ये वरदान साबित होंगी।

## खबर संक्षेप

### 18वीं जलधारा में विलीन हुए बाबा कैलाश गिरी

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा स्थित बाबा सोमवारपुरी धाम के महंत बाबा कैलागिरी द्वारा हर वर्ष की भांति शीतकालीन मौसम में ठंडे जल से 251 मटकों की जलधारा में विलीन हैं। यह जलधारा 18वीं जलधारा है और 22 जनवरी से 1 फरवरी तक चलेगी। 27 से 29 जनवरी को सांग कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### रूहानी केंद्र ने शिविर में 56 लोगों ने करवाई जांच

**भिवानी।** विश्व मानव रूहानी केन्द्र शाखा भिवानी द्वारा लाला लाजपतराय जयंती के उपलक्ष्य में संस्था के सदस्य अजमेर सिंह, रोहताश कुमार, उल्फत सिंह, रामकिशन, नरेन्द्र सिंह चौहान, आनंद प्रकाश, राजपाल सांगवान व ईश्वर सिंह की देखरेख में शाखा परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें 56 लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

### ताऊ भानाराम का ह्रदय गति रुकने से निधन

**तोशाम।** कानूनगो दिवान सिंह व पूर्व बीडीसी रघुबीर के भाई तथा किसान यूनियन के सदस्य दलबीर के पिता पूर्व बीडीसी नरेंद्र एव पत्रकार राजेश तथा ब्लाक आरपीएसएस प्रधान संजय बुशान के ताऊ इंजीनियर नरेश आईआईटियन हर्ष, इंजीनियर अशोक के दादा का ह्रदय गति रूकने से निधन हो गया। भानाराम 86 वर्ष के ।



### बड्स एक्ट में कार्यालय खुलने को आश्वासन

**भिवानी।** हुड्डा पार्क में रविवार को चीट फंड कंपनियों के पीड़ित निवेशकों की बैठक ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के बैनर तले हुई। बैठक की अध्यक्षता तपजप के जिला अध्यक्ष रामजस ने की व संचालन उपप्रधान रमेश तंवर ने किया। प्रधान रामजस ने कहा कि अपनी जमापूंजी वापस लेने की मांग को लेकर चीट फंड कंपनियों के पीड़ित निवेशक पिछले करीबन 8 वर्षो से भटक रहे थे, जिसके बाद प्रधानमंत्री के बड्स एक्ट-2019 के कार्यालय खोले जाने के आदेश के बाद निवेशकों में उम्मीद जगी है।



### 'अच्छे खानपान से सेहत को सुधारा जा सकता है'

**तोशाम।** अच्छे खान-पान से सेहत को सुधारा जा सकता है और पौष्टिक आहार लेने वाले व्यक्ति के शरीर में कभी कोई बीमारी प्रवेश नहीं करती। उक्त शब्द हिसार मार्ग स्थित विद्यानगर में फिट फेम वैलनेस केंद्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कोच प्रदीप सांगवान ने लोगों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि खानपान के द्वारा हमारे शरीर में विभिन्न प्रकार की बीमारियां प्रवेश कर जाती हैं, जो कि धीरे-धीरे हमारे शरीर को अपनी जकड़न में पूरी तरह से ले लेती हैं ।

## मौसम का बदला मिजाज

# बादलवाई के साथ चली हवा ने बढ़ाई ठिठुरन

### कड़ाके की ठंड की वजह से लोग जल्दी घरों में घुसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। आसमान में छाए बादलों का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

पूरे दिन चटक धूप खिलने के बाद रविवार को फिर से मौसम का मिजाज बदल गया। धीमी गति से चल रही हवा के साथ आसमान में बादलवाई छाने की वजह से ठिठुरन बढ़ गई। कड़ाके की ठंड की वजह से लोगों की पूरे दिन कंपकपी छूटती रही। पूरे दिन सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। दूसरी तरफ सुबह के वक्त पारा उठा,लेकिन शाम ढलते ही पारे ने फिर से गोता लगाना शुरू कर दिया। शाम के वक्त अनेक जगहों पर लोगों ने अलाव से अपने आप को ठंड से बचाया। सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त आसमान में हल्की बादलवाई थी। जैसे ही दिन चढ़ना शुरू हुआ तो आसमान में बादलों की गहनता बढ़ने लगी।

इसी दौरान हवा ने भी गति पकड़ी,लेकिन बादल कम होने की बजाए आसमान बादलों से अट गया। लोगों को लगा कि अब ठंड से थोडी सी राहत मिलेगी,लेकिन धीमी गति से चल रही हवा की वजह से ठिठुरन बढ़ गई। सुबह सवेरे पारा सात डिग्री सेल्सियस पर था,लेकिन जैसे ही धीमी गति से हवा चली तो पारे ने एकदम गोता मारा और न्यूनत्तम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पारा एकदम नीचे आने की वजह से लोगों की कंपकंपी छूटने लगी। लोगों ने अपने आप को ठंड से बचाने के लिए अलाव का सहारा लेना आरंभ कर दिया।

### फसलों में होगा फायदा

मौसम में आए एकदम बदलाव के चलते लोग ठंड के मारे ठिठुरने लगे है,लेकिन इस तरह के मौसम से रबी फसलों में फायदा होगा। क्योंकि ठंड की वजह से गेहूं व सरसों की फसलों में फुटाव बनता है। ठंडा मौसम रहने के चलते फुटाव में जल्दी बढ़वार बनती है। अगर ज्यादा फुटाव होगा तो उस फसल की औसतन पैदावार में भी बढ़ोतरी होगी। किसानों ने बताया कि इस तरह के मौसम में जमीन में नमी कई दिनों तक बनी रहती है। एक बार सिंचाई करने के बाद कई दिनों तक फसलों को पानी की जरूरत नहीं होती। फिलहाल फसलों के लिए मौसम सही बना हुआ है। इस तरह का मौसम अगले कुछ दिन और रहा तो रबी फसलों में बेहतरीन पैदावार होगी।

# आक्रोश रैली को लेकर बनाई योजना

- हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन की जिला स्तरीय मीटिंग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। मांगों को लेकर आयोजित बैठक में कर्मचारियों को संबोधित करते एक वक्ता। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला स्तरीय मीटिंग महम रोड़ स्थित संघ कार्यालय में प्रधान सूरजभान जटासरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई तथा संचालन सचिव सुशील आलमपुर ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रांतीय अध्यक्ष जयपाल गुढ़ा ने कहा कि प्रदेश भर का सभी महकमों का कच्चा.पक्का कर्मचारी लांबद्ध हो गया है तथा 4 फरवरी को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर रोहतक में होने वाली आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में बढ़.चढक़र भाग लेगा। इसके साथ ही विभागीय मांगों को लेकर 15 फरवरी को सिंचाई विभाग तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मुख्यालय पंचकूल पर प्रदर्शन, 21 फरवरी को निदेशक पंचायत एवं विकास विभाग हरियाणा चंडीगढ़ तथा 28 फरवरी को प्रमुख अभियंता बीएंडआर चंडीगढ़ दफ्तर पर मास डेपुटेशन प्रदर्शन करेंगे। जिला स्तरीय मीटिंग में सभी 21 ब्रांचों के प्रधान व सचिव ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि सरकार सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र को उजाड़कर बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर समाप्त कर रही है। हम लगातार मांग कर रहे है कि सभी कच्चे कर्मियों को पक्का, पुरानी पेंशन, एक्सग्रेसिया नीति बहाल, खाली पदों पर पदोन्नति, नियमित भर्ती, एचकेआरएम भंग,निजीकरण पर रोक, तीनों विभागों के सेवानियम व वेतन विसंगतियों को दूरूस्त, कैनाल गार्ड, गेज रीडर, मेट को तृतीय श्रेणी का दर्जा, टंप अप्वाईटी पर समान काम.समान वेतन आदि है। लेकिन भाजपा.जजपा गठबंधन सरकार कर्मचारियों की मांगों को लगातार अनसुना कर रही है।

### सेवा भारती व भाविप ने बस्ती में बांटी जुराबे व स्वेटर

**भिवानी।** सेवा भारती और भारत विकास परिषद शहीद मदनलाल ढींगरा की ओर से बढ़ती हुई ठंड में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सभी बाल संस्कार केंद्र के 41 बच्चों को स्वेटर और 126 बच्चों को जुराबे वितरित की।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अशोक शर्मा, सुरेश शर्मा, कमलनयन वशिष्ठ, तिलकराज अरोड़ा, नरेश बंसल, सेवा भारती से जिलाध्यक्ष मनोहरलाल, नगर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, सचिव नैन, अनुराग, लीला देवी, महिला मंडल उपाध्यक्ष रचना शुक्ला, अध्यक्ष संदीप एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# मंढाणा में जिप चेयरपर्सन का स्वागत

- केंद्रीय नेतृत्व ने भिवानी .महेंद्रगढ़ लोस क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए टिकट दी तो मैं पूरी तरह से तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



तोशाम। कार्यक्रम में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मंढाणा में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक का ग्रामीणों ने फूल.माला व पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान मलिक ने कहा कि ज़िला परिषद से पूरे भिवानी ज़िले में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

मलिक ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने 50 प्रतिशत पंचायती राज में व 33 प्रतिशत लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण देकर महिलाओं का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की स्थापना करके देश में राम राज्य लाने का काम हमारे प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया जा रहा है। साधु-संतों और महिलाओं को मान.सम्मान देकर ही हमारा देश विश्व गुरु बन सकता है। मलिक ने कहा कि हरियाणा में लोकसभा में भी तीन सीटें महिलाओं को दी जायेंगी। चेयरपर्सन अनिता मलिक का कहना था कि मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री जेपी दलाल किसान, मज़दूर, व्यापारी व महिलाओं के सम्मान के लिए निरन्तर प्रयास करते रहते हैं। इस मोके पर व्यापार मंडल प्रधान जोगेंद्र मलिक,गुलाबगिरी ,सरपंच संजय गाँधी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष गौड का किया स्वागत

- अनके सभाओं, संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों सहित सर्व समाज के लोगों ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। रविवार को नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मुकेश गौड का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मुकेश गौड के सम्मान में रविवार को सर्व समाज द्वारा हालु बाजार चौक पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोहनलाल पोपली ने की। कार्य्रक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में महेंद्र गिरी व सान्निध्य महंत चरणदास का रहा।

इस दौरान भगवान राम के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। समारोह को संबोधित करते हुए जाट महासभा से कर्नल मंगल सिंह ने कहा कि मुकेश गौड सर्वजातीय भाईचारे में विश्वास करने वाले प्रसिद्ध व्यक्तित्व है, इसीलिए इस सभा ने सभी समुदायों एवं संस्थाओं से मुकेश गौड को सम्मानित करने के लिए जनसमूह के रूप में उपस्थित हुए। पंजाबी समाज से आत्मप्रकाश टुटेजा ने गौड के सम्मान समारोह में इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यदि किसी नेता में सर्वसमाज को साथ लेकर चलने की क्षमता है तो वह मुकेश गौड है। राजपूत समाज की तरफ से विजय शेखावत व महिला नेत्री मीना परमार ने संयुक्त रूप से कहा कि मुकेश गौड यहां इस मुकाम पर पहुंचे है तो इसके पीछे इनकी अथक मेहनत व परिश्रम के परिणाम स्वरूप यहां पहुंचे है। अग्रवाल समाज से पवन केडिया ने सम्मान समारोह में कहा कि गौड मिलनसार, जुझारू व कर्मठ युवा एवं भिवानी के भविष्य के लिए बहुत ही अच्छा विकल्प और उभरता हुआ नेता है, जो भिवानी को बहुत आगे ले जाने की क्षमता रखता है। गौड ने विभिन्न संस्थाओं व सर्व समाज से आए सभी क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्व समाज ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे खरा उतरने की भरपूर कोशिश करेंगे।

## अहीर रेजिमेंट की मांग वाजिब, सरकार अग्निवीर योजना तुरंत बंद दें स्थायी रोजगार : रणसिंह मान

**चरखी दादरी।** उपमंडल के गांव जावा में किसान कांग्रेस के घर घर कांग्रेस अभियान के दौरान प्रदेश के पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रणसिंह मान ने अहीर रेजीमेंट के गठन की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि ये किसी के हक मारने के लिए नहीं बल्कि अपनी पहचान की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात कहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेरोजगार को अग्निवीर योजना थमाकर छलने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार मोदी सरकार के नक्शे कदम पर है। राज्य में दो लाख से ज्यादा पद रिक्त हैं, लेकिन स्थायी रोजगार देने की बजाय कौशल रोजगार निगम के माध्यम से अस्थायी नौकरी का झुनझुना युवाओं को थमाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से 9 फरवरी को चरखी दादरी



की अनाज मंडी में होने वाली जनाक्रोश रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। किसान नेता राजू मान ने कहा कि अप्रैल 2011 में केंद्र में यूपीए सरकार के समय कच्चे तेल की कीमत अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में 115 डॉलर प्रति बैरल थी, उस वक्त पेट्रोल करीब 58 रुपये और डीजल 41 रुपये था। आज कच्चे तेल की कीमत लगभग 80 डॉलर प्रति बैरल है, फिर भी पेट्रोल 97.39 व डीजल 90.25 रुपये प्रति लीटर है और आमजन को राहत नहीं दी जा रही।

# गीता सभी धर्मों का सार, गीता अपने कर्तव्य एवं पद की निष्ठा का करवाती ज्ञान: ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चिकित्सा के क्षेत्र में गीता के महत्व विषय पर दिनोद गेट पर मेडिकल सेल के जिलाध्यक्ष डॉ. विनोद अंचल ने कार्यक्रम आयोजित करवाया। कार्यक्रम में प्रदेशभर के चिकित्सकों ने भाग लिया। इस मौके पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने गीता के उपदेश के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिये थे, उन्हें हमें आज के युग में धारण करना चाहिए। चिकित्सा के क्षेत्र में गीता का बहुत बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि आज के समय में मरीज का डॉक्टर के प्रति विश्वास कम होता जा रहा है, अगर हम गीता के ज्ञान को अपनाकर मरीज के


भिवानी। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का अभिनंदन करते मेडिकल सेल के जिलाध्यक्ष डॉ. विनोद अंचल व अन्य।

प्रति सदभाव दिखाऐंगे तो मरीज भी हमारे प्रति उसी भाव से पेश आएगा। कार्यक्रम में नीमा जिला भिवानी शाखा, नीमा वुमैन फोरम के सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में गीता मनीषी द्वारा दिये गए प्रवचनों को चिकित्सकों ने सुना। उन्होंने कहा कि अगर चिकित्सक गीता के ज्ञान को अपने जीवन में ढाले तो तनाव से मुक्ति मिलेगी और अच्छे से मरीज का इलाज कर सकेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पीएमओ डॉ. एडवीन, डॉ. वानी मल्होत्रा एचओडी मैडिकल कॉलेज, डॉ. शिवशंकर भारद्वाज, वरिष्ठ सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रूपेंद्र रंगा, डॉ. नरेंद्र जांगड़ा, डॉ. सुशील धमीजा, डॉ. सुनीता देशवाल, डॉ. एसके लाठर, डॉ. मनोज दादरवाल, डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. अनीता अंचल, डॉ. वेदप्रकाश अग्रवाल, डॉ. त्रिलोकी, डॉ. पीके चिराया, डॉ. गौरव, डॉ. अंकित, डॉ. कविता, डॉ. देवेंद्र वर्मा दादरी, डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता, डॉ. मोनिका मित्तल, डॉ. अनिल खंडेवाल, डॉ. नीतिश गोयल, डॉ. संदीप फोगाट, डॉ. अनिल, डॉ. विनोद पंवार, डॉ. डीके आहुजा, डॉ. मीनाक्षी दादरवाल आदि मौजूद थे।

